न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मु.नं. 04/2024 राजस्व अपील उनवान– हरज्ञान सिंह बनाम सरकार जरिये तहसीलदार सिकराय	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.12.2024	अधिवक्ता अपीलांट उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट द्वारा प्रश्नगत भूमि खसरा नम्बर 235 ग्राम पांचोली तहसील सिकराय के संदर्भ में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय बैंच जयपुर में विचाराधीन एस.बी.सिविल रिट पिटिश्न नं. 10725/2024 भजनसिंह बनाम स्टेट ऑफ़ राजस्थान व अन्य में यथास्थिति के आदेश पारित किये होना व्यक्त करते हुए उक्त निर्णय दिनांक 02.7.2024 की प्रति पेश की गई। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय बेंच जयपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 2.7.2024 के द्वारा यथास्थिति के आदेश प्रश्नगत भूमि पर प्रभावी होने से कोई कार्यवाही किया जाना उचित नहीं है। इसलिये उक्त स्थगन आदेश प्रभावी रहने तक पत्रावली लम्बित की जाती है। साथ ही अपीलांट एवं रेस्पोडेन्ट दोनों को इस तथ्य से अवगत कराया जाता है कि जब कभी उक्त एस.बी.सिविल रिट पिटिशन नं. 10725/2024 भजनसिंह बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान व अन्य अथवा अन्य किसी भी प्रकरण में उक्त प्रश्नगत भूमि खसरा नम्बर 235 ग्राम पांचोली तहसील सिकराय पर स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो, तत्समय न्यायालय हाजा को अवगत करावें, ताकि इस प्रकरण को रिओपन करके पत्रावली को वास्ते सुनवाई हेतु पुनः नम्बर पर लिया जा सके। (सुमित्रा पारीक) अति0 जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2025.02.03 11:10:47 IST
Reason: SelfAttested